NBT Gurgaon

शनिवार । 14 दिसंबर । 2013

अर्पित मैन ऑफ द मैच

वस ॥ गुड़गांव

सेक्टर-46 स्थित मानव रचना इंटरनैशनल स्कूल में चल रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट वे शुक्रवार को दो मुकाबले हुए। पहला मैच जीडी गोयनका वर्ल्ड स्कूल और रॉक फोर्ड स्कूल के बीच हुआ। जीडी गोयनका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 6 विकेट खोकर 241 रन बनाए जिसमें अर्पित ने 86, आदित्य ने 54, ललित ने 33 रन बनाए। जबकि रॉक फोर्ड की तरफ से युवराज सिंह ने 7 रन देकर 2 विकेट और

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के शुक्रवार को दो मुकाबले हुए

ललितेष ने 56 रन देकर 2 विकेट लिए। रॉकफोर्ड की टीम ने 7 विकेट खोकर 232 रन बनाए, जिसमें प्रभात ने 82, आकाश ने 39, शिवम ने 30 रन बनाए। गोयनका स्कूल के राहुल सोनी ने 31 रन देकर 2 विकेट और आकाश ने 33 रन देकर 2 विकेट लिए। मैन आफ दी मैच जीडी गोयनका के अर्पित गुप्ता को घोषित किया गया। दूसरा मैच सनसिटी स्कूल और द्रोण पब्लिक स्कूल की टीम के बीच खेला गया। सनसिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। समर ने 78 रन बनाए जबकि कृष्णा ने 20 रन बनाए। सनसिटी की टीम 23.2 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में द्रोण पब्लिक स्कूल की टीम ने 155 रन बनाकर मैच जीत लिया।